नव भारत
1934 से

# शराब के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

## शिवपुरी में दुकानें फोड़ीं, पेटियों में लगाई आग

नवभारत टीम

**शिवपुरी/पिछोर, 09 सितम्बर. जिले के कई गांवों में अवैध शराब बिकने से नाराज महिलाएं सड़कों पर उतर आईं. सिरसौद अमोला, चमरा सहित एक दर्जन गांवों में शराब की दुकानों में घुसकर तोड़-फोड़ की एवं शराब की पेटियों को आग के हवाले कर दिया.**

सिरसौद कस्बे में महिलाएं एकजुट होकर कंपोजिट शराब दुकान पर पहुंचीं औरशराब की पेटियां बाहर निकालकर सड़क पर रख आग लगा दी. महिलाओं का आरोप था कि गांव में शराब आसानी से उपलब्ध होने से कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं. सूचना मिलने पर अमोला थाना पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे. स्थिति को देखते हुए जेसीबी बुलाकर अधिकारियों की मौजूदगी में शराब नष्ट कर गड्ढे में दबाई गई. यह स्थिति कई गांवों में बनी.



### नवभारत पड़ताल : गांव-गांव उतर रही कच्ची शराब

शिवपुरी जिले में अवैध और कच्ची शराब स्थानीय स्तर पर खेतों, जंगलों और ग्रामीण इलाकों में बनी अवैध भट्टियों से आती है. अवैध शराब के प्रमुख ठिकाने और स्रोत जंगल और खेत ही हैं. ग्रामीण अंचलों जैसे बघरा साजौर गांव में कुछ लोग खेती और घने जंगलों की आड़ में अवैध कच्ची शराब की भट्टियां चलाते हैं. पिछोर क्षेत्र के ग्राम सालौरा और करारखेड़ा जैसे इलाकों में हाथभट्टी से बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बनाई जाती है, जहां हाल ही में प्रशासन ने हजारों लीटर लहान नष्ट किया है. स्थानीय ग्रामीण ठिकानों की बात करें तो खनियाधाना, अमोला, और चमरौआ जैसे क्षेत्रों में भी अवैध शराब बनाई जाती है. यहां संचालित शराब के अड्डों और दुकानों के खिलाफ स्थानीय व आदिवासी महिलाओं ने पहले भी कई बार उग्र प्रदर्शन किए हैं लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं नहीं रेंगी. ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि यहां एक दबंग व्यक्ति खेती की आड़ में लंबे समय से अवैध कच्ची और जहरीली शराब की भट्टी चला रहा है लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई एक्शन नहीं लिया है.



## माफिया के घर पर हमला

### पहले विरोध किया फिर भागा आरोपी

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी. जिले के अमोला थाना क्षेत्र के साजौर गांव में आज बुधवार की शाम महिलाओं ने शराब माफिया के मकान पर रखे कच्ची शराब से भरे सात डिब्बे बाहर निकाले और शराब बहा दी.**


महिलाओं ने आरोप लगाया कि यहां लंबे समय से कच्ची शराब बनाकर गांव में बेची जा रही थी. आरोपी इमरथ पाल गांव से दूर मकान बनाकर कच्ची शराब तैयार कर आसपास के लोगों को बेचता था. महिलाओं ने जब मकान में रखी शराब बाहर निकालना शुरू किया तो इमरथ पाल ने इसका विरोध किया. उसने उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की. इसके बाद महिलाओं ने लाठियां उठा लीं.महिलाओं के हाथ में लाठी-डंडे देख आरोपी भाग गया.

### दुबई से लौटते ही सीधे सागर पहुंचे मुख्यमंत्री यादव

# अफसरों पर बरसे सीएम

**जहरीली शराब कांड**

- लापरवाही को लेकर लगाई फटकार, की समीक्षा
- जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई के दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सागर 9 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विदेश प्रवास से लौटकर सीधे सागर पहुंचे और बुन्देलखण्ड शासकीय मेडीकल कॉलेज मे उपचाररत मरीजो से मिले. डीन कार्यालय मे समीक्षा बैठक मे उन्होने कहा है कि बंडा-शाहग?**

क्षेत्र में अवैध जहरीली शराब से लोगों की हुई मृत्यु के प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारियों - कर्मचारियों पर कठोरतापूवर्क कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाए. नीचे से लेकर ऊपर स्तर तक पूरी गंभीरता से कार्रवाई हो. जिले में नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जाए, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध जहरीली शराब सामग्री को जप्त करने की भी कार्रवाई की जाए जिससे कोई फिर से इसका सेवन नहीं कर कर सके.

**उम्रकैद और फांसी की सजा तक का है प्रावधान**

समीक्षा बैठक के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समय कठोर कानून बनाया गया कि इसमें धारा 49 और बाकी 304 जोड़ते हुए हत्या से लेकर आजीवन कारावास और फांसी तक की सजा देने का प्रावधान है. जो इस प्रकार की घटना में लिप्त है, उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी. हमने प्रशासन को फ्री हैंड दिया है कि वह उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई करें. अभी भी जहां-जहां ऐसी और आवश्यकता लगती है, वह सब भी काम करें. जिनके अवैध अतिक्रमण हैं या अलग से किसी ने इस प्रकार से अपना साम्राज्य चलाया है, उस पर भी काम करें.

### एक नजर में

**वीडियो वायरल होने पर पटवारी निलंबित**

**सीधी.** जिले के ग्राम माटा में एक बुजुर्ग व्यक्ति की पीठ पर सवार होकर पटवारी द्वारा पानी से भरे गड्ढे को पार करने का वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है. कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय ग्राम माटा पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं.

**पेट्रोल पंप पर आग भड़कने से दो कर्मचारी झुलसे**

**ग्वालियर.** शिंदे की छावनी स्थित एक पेट्रोल पंप पर मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। टैंकर से भूमिगत स्टोरेज टैंक में पेट्रोल खाली करने के दौरान अचानक लगी आग से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. इस हादसे में दो कर्मचारी झुलस गए हैं. दोपहर 12 बजे पेट्रोल पंप पर टैंकर से तेल खाली करने का काम चल रहा था.

**रेलवे ग्रुप-डी की दौड़ में फर्जी एंट्री, तीन गिरफ्तार**

**रतलाम.** रेलवे ग्रुप-डी (लेवल-वन) की शारीरिक दक्षता परीक्षा के आखिरी दिन बुधवार को रतलाम रेलवे खेल मैदान में दो फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए. दोनों दूसरे अभ्यर्थियों की जगह शारीरिक दक्षता परीक्षा देने पहुंचे थे. इनमें से एक के साथ वह अभ्यर्थी भी पकड़ा गया, जिसकी जगह वह दौड़ में शामिल होने आया था.

### फायर सेफ्टी पर सख्ती

## इंदौर में 600 दुकानें सील व्यापारियों में हड़कंप

नव भारत न्यूज

**इंदौर. व्यावसायिक इमारतों में अग्नि सुरक्षा इंतजामों को लेकर प्रशासन की सख्ती बढ़ती दिखाई दे रही है, जिसके चलते इंदौर के एमजी रोड स्थित अपोलो टॉवर की करीब 600 दुकानें फायर सेफ्टी मानकों में कमी मिलने के बाद सील कर दी गई है. कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया.**

नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम बुधवार को अपोलो टॉवर पहुंची. टीम ने टॉवर परिसर और दुकानों में आग से बचाव के लिए किए गए सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया. जांच के दौरान फायर सेफ्टी व्यवस्था में कमियां मिलने के बाद अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की. टीम ने टॉवर की सभी दुकानों को सील कर दिया. बड़ी संख्या में दुकानें होने के कारण कार्रवाई का असर पूरे व्यावसायिक परिसर पर पड़ा. अचानक हुई कार्रवाई के बाद दुकानदार और व्यापारी मौके पर जमा हो गए. कई व्यापारियों ने कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई, जबकि दुकानें बंद होने से कारोबार प्रभावित होने की चिंता भी सामने आई. नगर निगम और प्रशासन की टीमों द्वारा सुरक्षा मानकों की जांच के बाद कमियां मिलने पर कार्रवाई की जा रही है.




**अपोलो टॉवर पर नजर...**

अपोलो टॉवर की कार्रवाई को शहर के बड़े व्यावसायिक परिसरों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की सख्ती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है. ऐसे परिसरों में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं. आग जैसी आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी और अग्निशमन इंतजामों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है.

## हर फर्जी फैकल्टी पर तीन लाख जुर्माना

- नर्सिंग कॉलेज के खिलाफ हाईकोर्ट का सख्त आदेश

नवभारत न्यूज

**जबलपुर. हाईकोर्ट जस्टिस आनंद पाठक तथा जस्टिस बीपी शर्मा की युगलपीठ ने प्रत्येक डुप्लीकेट फैकल्टी पर नर्सिंग कॉलेज पर तीन-तीन लाख रूपये का जुर्माना लगाया है.**

इसके अलावा प्रत्येक कॉलेज में पचास- पचास पेड लगाकर उनकी देखरेख के निर्देश कॉलेज प्रबंधन को दिये हैं.

पौधारोपण की तस्वीरें निसर्ग ऐप पर अपलोड करनी होंगी. कॉलेज प्रबंधन को जुर्माने की राशि एक माह में जमा करनी होगा. तभी उक्त कॉलेजों को उपयुक्त माना जायेगा और छात्रों को परीक्षा में शामिल होने तथा रिजल्ट जारी करने की अनुमति मिलेगी. लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में प्रदेश में मान्यता प्रक्रिया के विपरीत नर्सिंग कॉलेज के संचालन को चुनौती देते हुए जनहित याचिका दायर की थी. हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेज की जांच के निर्देश सीबीआई को दिये थे. सीबीआई जांच में प्रदेश में संचालित 695 नर्सिंग कॉलेजों में 156 कॉलेज सूटेबल पाये गये थे.

## रोज हो रही 29 साइबर ठगी

### इंदौर में औसतन 25 लाख की चपत

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 9 सितंबर. साइबर ठगों का जाल किस तेजी से फैल रहा है, इसका अंदाजा क्राइम ब्रांच में पहुंचे आंकड़ों से लगाया जा सकता है.**

वर्ष 2026 के पहले आठ महीनों में करीब 7 हजार शिकायतें मिलीं. यानी औसतन हर दिन 29 शिकायतें और करीब 25 लाख रुपये की ठगी का आंकड़ा सामने आया. इन शिकायतों में ठगी गई रकम 60 करोड़ रुपए से अधिक है. फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने 400 से ज्यादा शिकायतों में 5 करोड़ 90 लाख रुपए पीड़ितों को वापस कराए. रिफंड के आंकड़े में जुलाई सबसे आगे रहा. इस महीने 1 करोड़ 50 लाख 20 हजार 425 रुपए वापस कराए गए.

# समिति की रिपोर्ट में खुला बैगा बच्चों की मौत का सच

### प्रभावित क्षेत्रों में साफ पानी, राशन, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली का दावा

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 9 सितंबर. बालाघाट के प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी से बैगा बच्चों की मौत के मामले में बुधवार को जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. जनहित याचिका पर कोर्ट के निर्देश के बाद याचिकाकर्ता अंशुल तिवारी और उनके वकीलों ने प्रभावित इलाकों का ग्राउंड सर्वे किया था.**

इसकी रिपोर्ट और वीडियो साक्ष्य सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने पेश किए गए. रिपोर्ट में बैगा परिवारों के सामने साफ पेयजल, राशन, सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं.

ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश आदिवासी परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं हैं. जिन परिवारों के पास राशन कार्ड हैं, उन्हें भी इल्ली लगा चावल दिए जाने की बात सामने आई है.



- ग्राउंड रिपोर्ट और वीडियो साक्ष्य कोर्ट में किए पेश

**साफ पानी और राशन पर सवाल:** याचिकाकर्ता की रिपोर्ट में दावा किया गया कि प्रभावित इलाकों में बैगा परिवारों को पर्याप्त साफ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. राशन कार्ड और खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए हैं. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूरे मामले में जवाब मांगा है. कोर्ट ने वकीलों को ग्राउंड सर्वे में सामने आए सभी तथ्यों को याचिका में शामिल करने के निर्देश दिए हैं. मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी.

**सरकार बोली- रोज चल रहा जागरूकता अभियान**

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि प्रभावित क्षेत्रों में रोजाना जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर स्क्रीनिंग कर रही हैं. इस पर हाईकोर्ट ने तल्ख सवाल करते हुए पूछा कि क्या प्रशासन 27 बैगा बच्चों की मौतों के बाद जागा है?

## आप पार्टी के नेता सहित दस को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, गांधी मेमोरियल अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद लगातार विरोध प्रदर्शन चल रहा है. पिछले 8 दिन से मृतका के पिता आमरण अनशन में बैठे हुए है.**

बुधवार की दोपहर आप पार्टी के नेता धरना स्थल से उठ कर दर्जन भर समर्थकों के साथ जेल मार्ग में स्थित एक निजी सिटी हास्पिटल में जांच करने के नाम पर पहुंचे थे और अस्पताल के अंदर घुसने का प्रयास किया. जहा अस्पताल प्रबंधन ने विरोध किया और इसकी सूचना पुलिस को दे दी. मौके पर पहुंची से बहसबाजी हुई उसके बाद आप पार्टी के नेता सहित समर्थकों को हिरासत में लेकर बिछिया थाने पुलिस ले गई. दरअसल सिरमौर चौराहा में धरना स्थल पर आप पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा मौजूद थे.

**निजी नर्सिंग होम में पहुंचे थे जांच करने एएसपी से हुई बहस**

### गुस्ताखी माफ




## सागर, बालाघाट का दौरा करेंगे राहुल

### कांग्रेस की टीम दोनों जिलों में पहुंची, छात्रों की गूंज कार्यक्रम से पहले पहुंचेंगे

नवभारत न्यूज

**भोपाल/नई दिल्ली, 9 सितंबर. कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मध्यप्रदेश के तीन संवेदनशील क्षेत्रों के दौरे पर जा सकते हैं.**

सूत्रों के अनुसार, 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले 17 और 18 सितंबर को उनके बालाघाट तथा पन्ना-छतरपुर क्षेत्र के दौरे का प्रस्ताव है. इसके बाद 19 सितंबर को इंदौर में विद्यार्थियों को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है. सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी के संभावित दौरे की तैयारियों और रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय स्तर की एक उच्चस्तरीय टीम सागर और बालाघाट पहुंचकर स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटा रही है.



**बैगा बच्चों की मौत वाले गांवों में जाने की संभावना:** बालाघाट में राहुल गांधी उन गांवों का दौरा कर सकते हैं, जहां कथित तौर पर कुपोषण और बीमारी के कारण बैगा आदिवासी बच्चों की मौत हुई है. वे प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर क्षेत्र की जमीनी स्थिति की जानकारी ले सकते हैं. यह मामला फिलहाल जबलपुर हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है.

पन्ना और छतरपुर में केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी संभावित कार्यक्रम में शामिल बताया जा रहा है. राहुल गांधी पहले भी बैगा बच्चों की मौत और केन-बेतवा परियोजना से जुड़े मुद्दों पर चिंता जता चुके हैं.


## यूएई से मप्र आएगा 53 हजार करोड़ का निवेश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 6 से 8 सितंबर का दुबई दौरा मप्र की निवेश रणनीति को वैश्विक मंच पर नए विस्तार देने वाला रहा.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा निवेश के साथ तकनीक, बाजार, निर्यात और रोजगार को जोड़कर मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश एवं विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है. एआईएम कांग्रेस-2026 में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मप्र को केवल निवेश के गंतव्य के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक कंपनियों और निवेशकों के लिए दीर्घकालिक साझेदार के रूप में प्रस्तुत किया. दुबई प्रवास के दौरान लगभग 53 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है.

यूएई के शीर्ष मंत्रियों, तातारस्तान के नेतृत्व, विश्व बैंक और डीपी वर्ल्ड , क्रिसेंट एंटरप्राइज़, जेम्स एजुकेशन, शराफ ग्रुप, चोइथराम्स, राणा होल्डिंग्स, वीएफएस ग्लोबल जैसी कंपनियों के साथ हुई बैठकों में लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, एआई एवं डिजिटल टेक्नोलॉजी, ग्रीन एनर्जी, ई-मोबिलिटी, फार्मा, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, आधुनिक विनिर्माण और वेस्ट-टू-एनर्जी जैसे क्षेत्रों में निवेश और तकनीकी साझेदारी की संभावनाएं खुलीं. दुबई ने मध्यप्रदेश में पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र का अध्ययन करने के लिए प्रतिनिधिमंडल भेजने, विमानन संपर्क बढ़ाने तथा समिट-2027 में उच्चस्तरीय निवेशक दल के साथ भागीदारी की दिशा में सहमति जताई.



- लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, ग्रीन एनर्जी, फार्मा, शिक्षा, पर्यटन क्षेत्र में होगा निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआईएम कांग्रेस-2026 में दुनिया के निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश का न्योता दिया और सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया. सीएम के दौरे के बाद यूएई का पर्यटन दल होटल, हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन निवेश की संभावनाएं तलाशने यूएई का प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश आएगा. वहीं मध्यपूर्व और अफ्रीका के 20 से अधिक देशों को जीआईएस-2027 का आमंत्रण दिया गया .अरब संसद के माध्यम से अल्जीरिया, बहरीन, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, मोरक्को, ओमान, कतर, सऊदी अरब, यूएई सहित अनेक देशों के संसदीय नेतृत्व को मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण दिया गया.

**आश्चर्य** उज्जैन में सड़क बनाने के लिए प्रशासन ने प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर को तोड़ा, लेकिन प्रतिमा नहीं हटी

# आईआईटी की टीम पहुंची अंजनी के लाल का रहस्य जानने

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन. सिंहस्थ 2028 के लिए हो रहे सड़क चौड़ीकरण के बीच प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर की प्रतिमा को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. मंदिर का ढांचा हटाया जा चुका है, जबकि प्रतिमा अपनी जगह पर कायम है.**

मामले में आईआईटी इंदौर के विशेषज्ञों ने उज्जैन पहुंचकर करीब दो घंटे तक प्रतिमा की तकनीकी जांच की. टीम ने अपने साथ लाए उपकरणों के माध्यम से प्रतिमा की संरचना और गहराई का परीक्षण किया. प्रशासन अब विशेषज्ञों की वैज्ञानिक एवं तकनीकी रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है. इसके बाद ही प्रतिमा के संबंध में आगे कोई निर्णय लिया जाएगा. उज्जैन नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के अनुसार, विशेषज्ञों की राय ली जा रही है. आईआईटी इंदौर से जांच कराई गई है और एएसआई व आईआईटी की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी.



**15 मीटर चौड़ी होगी सड़क:** सिंहस्थ 2028 को देखते हुए कोयला फाटक से कंठाल सती गेट होते हुए छत्री चौक तक करीब 1.13 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है. करीब 15 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में सड़क को लगभग 15 मीटर चौड़ा किया जाना है. मार्ग में चार धार्मिक स्थल प्रभावित हो रहे हैं, जिनमें से तीन का व्यवस्थापन किया जा चुका है. प्रशासन ने कहा है कि सिंहस्थ के विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन उज्जैन की धार्मिक आस्था और विरासत का संरक्षण भी सर्वोच्च प्राथमिकता है. विशेषज्ञों, संत समाज और श्रद्धालुओं से संवाद के बाद सर्वसम्मत समाधान निकाला जाएगा. विशेषज्ञों की वैज्ञानिक राय मिलने तक प्रतिमा के विस्थापन की कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी.

**श्रद्धालु मान रहे चमत्कार**

प्रतिमा को लेकर स्थानीय लोगों में गहरी आस्था है. सोशल मीडिया पर प्रतिमा के नहीं हटने को हनुमानजी का चमत्कार बताया जा रहा है. मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है. लोग टेंट लगाकर भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना कर रहे हैं. महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भी खड़े हनुमान के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, विभिन्न समुदायों के लोग भी यहां आस्था रखते हैं और मन्नत मांगने आते हैं.

## सांची बौद्ध - भारतीय ज्ञान अध्ययन के नये कुलपति नियुक्त

**भोपाल.** सांची बौद्ध - भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में बुधवार को नए कुलपति की नियुक्ति कर दी गई है. मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व वरिष्ठ प्रोफेसर बिमलेन्द्र कुमार को नये कुलपति के रूप में नियुक्त किया है. जिसके लिए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रोफेसर बिमलेन्द्र कुमार को कार्यभार ग्रहण करने को कहा है. बता दें जारी आदेश में नव नियुक्त कुलपति को 4 वर्ष की अवधि के लिए कार्यकाल सौंपा है. हालांकि ये अवधि कार्यभार ग्रहण करने के दिन से 4 वर्ष या फिर कुलपति की 70 वर्ष की आयु तक के लिए ही मान्य होगा.